तापमान
अधिकतम 38.4 डिग्री
न्यूनतम 25.5 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 4 जुलाई, 2025

12 अंबाला से मुलाना तक महिलाओं का सफर होगा आसान


12 बराड़ा की कॉलोनियों में जलसंकट, लोगों का फूटा गुस्सा


## खबर संक्षेप

### लूट के दो मामलों में तीन आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** लूट के दो मामलों में सीआईए-2 ने वांछित आरोपी नवनीत सिंह उर्फ नवी व भूपेंद्र उर्फ लबीश व लखन उर्फ लक्की को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को अब रिमांड पर लिया गया है। आरोपियों से गहनता से पूछताछ करके वारदात में लूटे गए सामन, वारदात में प्रयोग हथियार व वाहनों को बरामद किया जाना है। गांव कांवला के श्रवण सिंह ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि मोटरसाइकिल सवार तीन आरोपियों ने उसकी गर्दन पर चाकू रखकर उसके हाथ से सोने का कड़ा छीन लिया है।

### नशा तस्करी के मामले में एक और गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ में दर्ज नशा तस्करी के मामले में सीआईए-नारायणगढ़ ने आरोपी सौरभ को गिरफ्तार किया है। मामले में गिरफ्तार पहले आरोपी ने पूछताछ के दौरान बताया था कि आरोपी सौरभ भी इस मामले में संलिप्त है। 30 जून 2025 को पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। पुलिस ने अकबरपुर सरकारी स्कूल के पास खड़े आरोपी को 15 ग्राम हेरोइन समेत काबू किया था। आरोपी की पहचान सचिन के रुप में हुई थी।

### कैप्सूल तस्करी में स्पलायर गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज नशीले कैप्सूल की तस्करी में पुलिस ने स्पलायर आरोपी मोहम्मद इनाम को गिरफ्तार किया है। उसे एक दिन के रिमांड पर लिया है। इस मामले में असलम खान को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस को सूचना मिली थी आरोपी नशीले कैप्सूल की तस्करी करता है। नाकाबंदी कर आरोपी को काबू किया व उससे 1664 नशीले कैप्सूल बरामद किए थे। आरोपी की पहचान असलम खान के रूप में हुई थी।

### जमीन खरीद-फरोख्त में धोखाधड़ी का आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना पंजोखरा में दर्ज जमीन-खरीद फरोख्त के मामले में धोखाधड़ी करने वाले आरोपी हरप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया है। इस मामले में भी आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका है। पीड़ित महिला ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि 17 जून 2005 से 19 नवंबर 2022 के दौरान आरोपी हरप्रीत सिंह व अन्य ने जमीन खरीद-फरोख्त मामले में उससे धोखाधड़ी करने का कार्य किया है।

### महिला ने ऑटो रिक्शा में बच्चे को दिया जन्म

**पानीपत।** सनौली खुर्द गांव की निवासी नगमा ने ऑटो रिक्शा में बच्चे को जन्म दिया। परिजनों ने पानीपत के सिविल अस्पताल से दो घंटे तक कॉल करने के बाद भी एंबुलेंस न मिलने के आरोप लगा कर हंगामा किया। सीएमओ ने जांच करवाई तो पता चला कि नगमा के परिजन लगातार गलत नंबर डायल कर रहे थे।

### करनाल के घरौंडा में सीएम फ्लाइंग की बड़ी कार्रवाई

# तेलु सिंह कॉलोनी से 12 लाख नकद 51 मोबाइल व 55 सट्टेबाज गिरफ्तार

### तीन माह से चल रहा था सट्टेबाजी का गोरखधंधा

- भारी मात्रा में सामान किया जब्त, स्थानीय पुलिस पर लगा स्वालिया निशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा




घरौंडा। सट्टेबाजों से बरामद नकदी को गिनते पुलिसकर्मी और गिरफ्तार किए गए सट्टेबाज। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा के करनाल जिले के घरौंडा क्षेत्र में सीएम फ्लाइंग की टीम ने देर रात एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। बुधवार रात करीब 12 बजे तेलु सिंह कॉलोनी स्थित एक मकान में छापा मारकर पुलिस ने सट्टेबाजी के गोरखधंधे का पर्दाफाश किया। इस कार्रवाई में करीब 12 लाख रुपये की नगदी, 51 मोबाइल फोन, सट्टा खेलने का सामान, शराब की खाली बोतलें, खाने-पीने की वस्तुएं और करीब तीन दर्जन वाहनों की चाबियां जब्त की गईं।

#### गुप्त सूचना पर कार्रवाई

सीएम फ्लाइंग की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि तेलु सिंह कॉलोनी के एक मकान में लंबे समय से बड़े स्तर पर सट्टे और जुए का कारोबार चल रहा है। सूचना के आधार पर डीएसपी सुशील कुमार के नेतृत्व में टीम गठित की गई, जिसमें करीब दो दर्जन पुलिसकर्मी शामिल थे। रात करीब 11:30 बजे मकान के चारों ओर नाकेबंदी कर टीम ने आधी रात को छापेमारी की।

#### जुआरियों में मचा हड़कंप

छापेमारी की भनक लगते ही मकान में मौजूद सट्टेबाजों में अफरा-तफरी मच गई। कई ने मौके से भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस की रणनीतिक घेराबंदी और संख्या अधिक होने के कारण कोई भी भागने में सफल नहीं हो पाया। पुलिस ने मौके से कुल 55 सट्टेबाजों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस कीयह कार्यवाही करीब 4 घंटे तक चली। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, यह मकान पिछले करीब तीन महीनों से सट्टेबाजी का केंद्र बना हुआ था। यहां न केवल घरौंडा, बल्कि करनाल और पानीपत जैसे अन्य जिलों से भी लोग सट्टा खेलने आते थे। यह अड्डा रातभर सक्रिय रहता था और प्रतिदिन लाखों रुपये का सट्टा लगाया जाता था। मकान के अंदर आने वाले लोगों के लिए खाने-पीने और आराम करने की पूरी व्यवस्था की गई थी।

इस पूरे घटनाक्रम के बाद स्थानीय लोग और सामाजिक संगठन यह सवाल उठा रहे हैं कि जब यह सट्टेबाजी का अड्डा तीन महीने से खुलकर चल रहा था, तो स्थानीय पुलिस को इसकी भनक क्यों नहीं लगी? क्या इसमें कहीं न कहीं पुलिस की मिलीभगत तो नहीं? सीएम फ्लाइंग की अचानक कार्रवाई ने जहां सट्टेबाजों को बेनकाब किया है, वहीं स्थानीय पुलिस की कार्यशैली पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

#### कार्रवाई जारी

डीएसपी सुशील कुमार ने बताया कि सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। बरामद सामान को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी गई है। पूरे नेटवर्क को खंगालने के लिए पुलिस और भी गहराई से छानबीन कर रही है।

### पुलिस ने भाजपा की झंडी लगी कार रोकी

# युवक कार से कूदकर खेतों की ओर भागे

- पुलिस पीछा कर तीन युवकों को पकड़ने में हुई कामयाब, अन्य दो युवकों की तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। खेत में छिपे दोनों युवकों की तलाश करते पुलिस के जवान

जिले के थाना छप्पर क्षेत्र के गांव हरनौल के नजदीक वीरवार शाम लगाए गए नाका पर पुलिस ने उत्तराखंड नंबर की एक फोर्ड गाड़ी को रोकने का इशारा किया।

गाड़ी में भाजपा की झंडी लगी थी और उसमें चार से पांच युवक सवार थे। पुलिस को देखते ही युवक गाड़ी से कूदकर खेतों की ओर भागने लगे। पुलिस टीम ने तुरंत पीछा किया और घेराबंदी कर तीन युवकों को पकड़ लिया। दो युवक पास के गांव टोपरा कलां के खेतों में घुस गए। पुलिस ने खेतों में छिपे युवकों की तलाश शुरू कर दी। समाचार लिखे जाने तक दोनों युवक पकड़े नहीं जा सके थे। जिला पुलिस द्वारा खेड़ी लक्खा सिंह यमुनानगर मार्ग पर वीरवार शाम पांच बजे के करीब गांव हरनौल के नजदीक नाकाबंदी कर वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान वहां पर उत्तराखंड नंबर की एक फोर्ड कार पहुंच गई। कार पर भाजपा की झंडी लगी हुई थी। पुलिस ने चेकिंग के लिए कार को रोकने के लिए इशारा किया। पुलिस का इशारा देखते ही उसमें सवार युवक नीचे कूद कर खेतों की तरफ भाग खड़े हुए। पुलिस ने तुरंत युवकों का पीछा किया और तीन युवकों को पकड़ लिया। मगर दो युवक पास के गांव टपरा कलां के खेतों में छिप गए।

#### कार से हथियार जब्त

पुलिस ने खेतों में छिपे युवकों की तलाश शुरू कर दी। इस दौरान पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर तलाशी ली तो उसमें से तमंचा और कुछ अन्य हथियार बरामद हुए। पकड़े गए तीनों युवकों से पूछताछ जारी है।समाचार लिखे जाने तक पुलिस की टीमें खेतों में छिपे दो अन्य युवकों की तलाश में जुटी हैं।

## सरकारी गोदाम में 40 क्विंटल गेहूं की गड़बड़ी

- डीएफएससी की टीम ने रिपोर्ट तैयार कर हेडक्वार्टर भेजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल के कुंजपुरा स्थित खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के सरकारी गोदाम में 40 क्विंटल गेहूं की गड़बड़ी सामने आई है। डीएफएससी की टीम द्वारा की गई जांच में यह स्टॉक कम पाया गया है। टीम ने रिपोर्ट तैयार कर चंडीगढ़ हेडक्वार्टर भेज दी है।

वहां से आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। बता दें कि इस गोदाम को लेकर लंबे समय से अनियमितताओं की शिकायतें मिल रही थीं, जिसके बाद विभाग ने जांच शुरू की थी। बीते शुक्रवार को हरियाणा के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने इस गोदाम का औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के समय गोदाम की चाबी मौके पर नहीं थी, जिससे मंत्री नाराज हो गए थे और एक बार लौट गए थे। हालांकि कुछ समय बाद वे दोबारा गोदाम पर पहुंचे और खुद मौजूद रहकर कट्टों की गिनती व वजन जांच के आदेश दिए। वीडियोग्राफी अनिवार्य करने के निर्देश दिए थे और गोदाम इंचार्ज अशोक शर्मा को मौके पर ही सस्पेंड कर दिया था।

#### पहले भी घोटालों से जुड़ा रहा है कुंजपुरा का गोदाम

कुंजपुरा का यह गोदाम पहले भी विवादों में रह चुका है। विकास शर्मा ने मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजी शिकायत में गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने कहा था कि गोदाम में हजारों गेहूं के कट्टे अधूरे हैं, सिलाई ठीक नहीं है, वजन मानकों से कम है और अनुमानित 4400 कट्टे कम निकल सकते हैं। उन्होंने इस घोटाले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की थी। जिस अशाक रामा को इस बार सस्पेंड किया गया है, उन पर पहले भी रिश्वतखोरी के आरोप लग चुके हैं। वह करीब दो महीने जेल भी जा चुके हैं। बावजूद इसके, उन्हें फिर से उसी गोदाम पर तैनात कर दिया गया था। अब एक बार फिर उनके खिलाफ गेहूं स्टॉक में गड़बड़ी के आरोप सामने आए हैं। जांच टीम के प्रभारी और डीएफएससी अनिल कुमार ने बताया कि कुंजपुरा गोदाम में स्टॉक की चेकिंग पहले से चल रही थी।

## देरी से एएनसी रजिस्ट्रेशन, 150 गर्भवतियों को नोटिस

- एडीसी ने ली जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक
- लिंगानुपात में सुधार लाने के लिए ठोस कदम उठाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



एडीसी सोनू भट्ट ने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या एक जघन्य अपराध है। इस अपराध में संलिप्त लोगों को किसी भी सूरत में बख्शा न जाए, दोषी को सजा अवश्य मिले। इसके लिए अधिकारियों को कहा कि पैरवी बेहतरीन तरीके से की जाए।

एडीसी वीरवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में प्रसव पूर्व लिंग निर्धारण अधिनियम (पीएनडीटी एक्ट) के तहत गठित जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक में बोल रहे थे। एडीसी ने कहा कि लिंग परीक्षण करवाना और करना दोनों कानूनी तौर पर अपराध हैं, ऐसे व्यक्तियों पर कड़ी निगरानी रखें और सख्त कार्रवाई करें। कन्या भ्रूण हत्या एक सामाजिक बुराई है और इसे जड़ से खत्म करने के लिए सभी के सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने सीएमओ को निर्देश दिए कि लिंगानुपात में सुधार लाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं और अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर रेड बढ़ाएं तथा औचक निरीक्षण कर उनके रिकॉर्ड की जांच करें। गांवों के सरपंचों और ग्राम सचिवों से तालमेल करके समय-समय पर बैठक करें। बैठक में सीएमओ डॉ. पूनम चौधरी ने बताया कि आशा वर्कर्स के माध्यम से ऐसी गर्भवती महिलाओं पर विशेष नजर रखी जाती है जिनके पास पहले से एक या दो बेटियां हैं। उन्होंने बताया कि जिला करनाल की पीएनडीटी टीम द्वारा 46 रेड की गई तथा जिला में देरी से एएनसी रजिस्ट्रेशन करवाने वाली करीब 150 गर्भवती महिलाओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। इस अवसर पर जिला न्यायवादी डॉ पंकज, सिविल सर्जन डॉ. पूनम चौधरी, पीसीपीएनडीटी एक्ट की नोडल अधिकारी डॉ शीनू चौधरी, सीडीपीओ डॉ राजबाला मोर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से सहायक प्रवेश शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## सारंग्य वीणा कार्यक्रम आज

- कला कीर्ति भवन में संगीत के सुरों का होगा प्रदर्शन

**थानेसर।** हरियाणा कला परिषद द्वारा प्रदेश में कला और संस्कृति के विस्तार के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत हरियाणा कला परिषद द्वारा न केवल कुरुक्षेत्र में बल्कि प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन कर कलाकारों को मंच दिया जा रहा है। इसी कड़ी में कला कीर्ति भवन की भरतमुनि रंगशाला में जुलाई माह में साप्ताहिक संध्या कार्यक्रमों को आयोजित कर हरियाणा कला परिषद द्वारा कुरुक्षेत्रवासियों को प्रत्येक शुक्रवार मनोरंजन प्रदान करते हुए अलग-अलग सांस्कृतिक कार्यक्रम दिखाए जाएगें। यह जानकारी हरियाणा कला परिषद के निदेशक नागेंद्र शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि 4 जुलाई को सारंग्य वीणा कार्यक्रम आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में सांरगी और तबला की जुगलबंदी देखने को मिलेगी। चण्डीगढ़ से सुप्रसिद्ध सारंगीवादक पंडित विनोद पवार तथा तबलावादक रजनीश धिमान सारंगी और तबला की प्रस्तुति के साथ-साथ संगीत के विभिन्न पहलूओं को लोगों के साथ सांझा करेंगे। कार्यक्रम का समय शाम को 6.30 बजे रहेगा। इसके अलावा 11 जुलाई को सूफीयाना शाम में विक्रम सिरोहीवाल सूफी तराने प्रस्तुत करेंगे। वहीं 18 जुलाई को स्वांग कबीरा तथा 25 जुलाई को नाटक मीरा का मंचन किया जाएगा।

## बाल विवाह का शिकार हुई किशोरी मां बनी

- पति व सास गिरफ्तार, कई आरोपी फरार

**पानीपत।** पानीपत में बाल विवाह का शिकार हुई 14 वर्षीय विवाहित किशोरी मां बनी है। किशोरी ने बेटे को जन्म दिया है। नार्मल डिलिवरी होने पर जच्चा-बच्चा बिल्कुल स्वस्थ्य है। दोनों डॉक्टरों की विशेष टीम की नजर है। वहीं, किशोरी की करीब एक साल पहले सोनीपत में शादी की गई थी। इधर, सोनीपत पुलिस ने सूचना मिलने पर आरोपी पति, सास और शादी करवाने वाले बुआ-फूफा के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। साथ ही आरोपी पति और सास को गिरफ्तार कर लिया गया है। जबकि बुआ-फूफा सूचना मिलने पर फरार हो गए। इधर, लडकी ने बताया कि बडे होने पर उसे पता चला कि उसके पिता की मौत हो चुकी है और मां प्रेमी के साथ चली गई थी। बुआ व फूफा ने उसे पाला व उसका 13 साल की उम्र में उसकी शादी कर दी थी। दूसरी ओर, इस केस की जानकारी मिलने पर नारी तू नारायणी उत्थान समिति अध्यक्ष सविता आर्य ने लड़की से मुलाकात की। जहां उन्होंने जच्चा-बच्चा का हाल जाना। साथ ही लड़की को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। सविता आर्य ने कहा कि ये लड़की सिस्टम की मार झेल रही है। इसके साथ इतना कुछ हो गया और इसे अंदाजा भी नहीं है। लड़की बहुत भावुक है। वहीं सविता ने आवासन वह प्रशासन संग मिलकर लड़की के लिए हर मदद के लिए अग्रिणी रहेगी।



पानीपत। सिविल अस्पताल में नवजात का दुलार करती नारी तू नारायणी उत्थान समिति अध्यक्ष सविता आर्य।

## बॉक्सिंग में जीते 4 मेडल

- खिलाड़ियों को जिला खेल अधिकारी ने सम्मानित किया

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा खेल विभाग की तरफ से हरियाणा राज्य सीनियर महिला व पुरुष बॉक्सिंग चैम्पियनशिप का आयोजन 27 से 29 जून तक ताऊ देवी लाल स्टेडियम पंचकुला में हुआ। इस राज्य स्तरीय बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में 4 खिलाड़ियों ने अलग-अलग वर्गों में मेडल जीतकर कुरुक्षेत्र का नाम रोशन किया है। इन खिलाड़ियों को जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार व प्रशिक्षक जितेन्द्र सिंह ने सम्मानित किया है। जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि कुरुक्षेत्र के खिलाड़ी हर गेम में जिले के साथ-साथ प्रदेश का नाम रोशन कर रहे है। अभी हाल में ही चल रही खेल प्रतियोगिताओं में कुरुक्षेत्र की प्रतिभाओं ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया है। इन खिलाड़ियों को सरकार की तरफ से उच्च स्तरीय सुविधाएं और अच्छा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसके चलते ही खिलाड़ी खेलों के हर मंच पर सराहनीय प्रदर्शन कर पा रहे है। बॉक्सिंग के प्रशिक्षक जितेन्द्र सिंह ने कहा कि पंचकुला ताऊ देवी लाल स्टेडियम में हुई हरियाणा सीनियर स्टेट महिला व पुरुष बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में 59 किलोग्राम वर्ग में नीतिका ने कांस्य पदक हासिल किया है। इसी तरह 60 किलोग्राम वर्ग में परमवीर ने कांस्य, 70 किलोग्राम वर्ग में वंश ने कांस्य और 90 किलोग्राम वर्ग में दिलावर ने भी कांस्य पदक हासिल किया है।

### हथनीकुंड बैराज का जलस्तर 54 हजार क्यूसिक रहा

# राहत : न्यूनतम स्तर पर बह रही यमुना

- वीरवार को भी कैचमेंट एरिया में रुक-रुक कर बारिश होती रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। हथनीकुंड बैराज के नजदीक यमुना नदी में बहता हुआ पानी।

यमुना नदी के कैचमेंट एरिया व पहाड़ी इलाकों में वीरवार को भी रुक रुक कर कभी हल्की तो कभी तेज बारिश हुई। जिसकी वजह से दिन भर यमुना नदी के जलस्तर में उतार चढ़ाव जारी रहा। वीरवार शाम को हथनीकुंड बैराज पर जहां जलस्तर 54 हजार दर्ज किया गया। वहीं, यमुना नदी में जलस्तर 39 हजार क्यूसिक था। मगर गनीमत यह है कि अभी यमुना नदी अपने न्यूनतम स्तर से भी कम जलस्तर पर बह रही है।

हथनी कुंड बैराज के सूत्रों के मुताबिक यमुना नदी के कैचमेंट एरिया में अभी बारिश जारी है। वीरवार को भी कैचमेंट एरिया में रुक रुक कर बारिश होती रही। उनके मुताबिक पहाड़ी इलाकों में जैसे तेज बारिश होती है तो हथनीकुंड बैराज पर जलस्तर बढ़ जाता है और जैसे ही हल्की बारिश होती है तो जलस्तर कम हो जाता है।

वहीं, कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के मुताबिक शाम पांच बजे के करीब पहाड़ी इलाकों में बारिश होने से हथिनीकुंड बैराज का जलस्तर बढ़कर 54 हजार 798 क्यूसिक पहुंच गया। जबकि यमुना नदी का जलस्तर न्यनूतम रहा।

#### कैचमेंट एरिया में अभी भी छाए हैं बादल

वीरवार को दिन भर पहाड़ी व मैदानी इलाकों में कभी घने तो कभी हल्के बादल छाए रहे। मगर इस दौरान पहाड़ी इलाकों में कभी तेज तो कभी हल्की बारिश हुई। लेकिन मैदानी इलाकों में बारिश नहीं हुई। जिसकी वजह से वीरवार शाम को यमुना नदी का जलस्तर न्यूनतम स्तर पर रहा। उधर, सिंचाई विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अभी कोई चिंता करने वाली बात नहीं है। नदी अपने न्यूनतम स्तर से नीचे बह रही है।

## वीटा मिल्क प्लांट कर्मियों ने मांगी जॉब सिक्योरिटी

### पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल बोले, किसी की नहीं जाएगी नौकरी

- प्राथमकिता के आधार पर जनता की समस्याओं का समाधान करने के अधिकारियों को दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। लोगों की समस्याएं सुनते पूर्व मंत्री असीम गोयल।

पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने वीरवार को प्रेम नगर स्थित निवास स्थान पर शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों की समस्याएं सुनकर समाधान के आदेश दिए। उन्होंने अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। वीटा मिल्क प्लांट से आए कुछ कर्मचारियों ने जॉब सिक्योरिटी दिए जाने को लेकर एक ज्ञापन पूर्व राज्यमंत्री को सौंपा।

पूर्व राज्यमंत्री ने कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि सरकार की जो भी पॉलिसी एवं नियम है उसके तहत कर्मचारियों को जॉब सिक्योरिटी देने का काम किया जाएगा। उन्होंने इस बारे उच्च अधिकारी से फोन पर बात कर इस विषय पर कार्रवाई करने के बारे में भी कहा। इसी प्रकार शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने पेयजल व्यवस्था , सरकारी योजना के तहत मकान उपलब्ध करवाने , हीरा नगर से आए लोगों ने सडक़ बनवाने तथा अन्य लोगों ने भी अपनी अपनी शिकायतें लिखित प्रार्थना पत्र के माध्यम से पूर्व राज्यमंत्री के समक्ष रखी। कुछ शिकायतों पर राज्यमंत्री ने अधिकारियों को फोन करके समाधान किए जाने बारे कहा। गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में चहुंमुखी विकास निरंतरता में जारी है। कोई भी क्षेत्र विकास कार्यों से अछुता नहीं है। लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ समाधान हो इसके लिए जिला स्तर व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। कोई भी व्यक्ति सोमवार या वीरवार को उनके निवास स्थान पर आकर अपनी समस्या को रख सकता है।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर मंडल अध्यक्ष गुरविंद्र सिंह मानकपुर, मंडल अध्यक्ष दिनेश लदाना, मंडल अध्यक्ष अमन सूद, मंडल अध्यक्ष मनीष आंनद, मंडल अध्यक्ष गुरजंट सिंह, विधानसभा संयोजक रितेश गोयल,डिप्टी मेयर राजेश मेहता भाजपा पदाधिकारी संजीव गोयल टोनी, सुंदर ढींगरा, निगम सदस्य सरदूल सिंह,फकीर चंद, प्रभु दयाल गोयल भी मौजूद रहे।

# बच्चों के सहयोग से ही स्वच्छता संभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल में वीरवार को नगर निगम ने स्वच्छता अभियान पर सेमिनार किया। निगम अधिकारियों ने बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए अपने आसपास स्वच्छता रखने में योगदान देने का आह्वान किया। बच्चों को स्वच्छता में सहयोग करने की शपथ दिलाई गई। सीएसआई अनिल नैन ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान के तहत नगर निगम शहर को स्वच्छ रखने का प्रयास कर रहा है। निगम का यह प्रयास तब तक कारगर नहीं होगा जब तक सभी मिलकर सफाई व्यवस्था बनाए रखने का संकल्प नहीं लेंगे। बच्चे देश का भविष्य होते हैं और यदि बच्चे प्रयास करें तो वे अपने साथ-साथ दूसरों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक कर सकते हैं। एक अकेला व्यक्ति या विभाग किसी भी काम को तब तक पूरा नहीं कर सकता जब तक आम आदमी उसमें सहयोग न करे।



उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि वे कोशिश करें कि वे अपने घर, स्कूल, पार्क इत्यादि स्थान पर साफ-सफाई रखें और दूसरों को भी प्रेरित करें। जहां स्वच्छता रहती है वहां पर कभी कोई बीमार भी नहीं होता। इसलिए जरूरी है कि हम इसकी शुरूआत अपने घर व स्कूल से करें। यदि बच्चों को कहीं पर भी गंदगी फैली मिले तो वे मिलकर उसे कूड़ेदान में डालें। जो कूड़ा-करकट सड़क पर फैला रहता है, उसे ही जानवर आदि भी खा जाते हैं और बीमार पड़ जाते हैं। हम सभी का प्रयास ही स्वच्छता को बनाए रख सकता है। स्कूल चेयरमैन जीएस शर्मा ने निगम द्वारा चलाए गए इस अभियान की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से समाज में बदलाव की तस्वीर और अधिक चमकने लगती है। प्राचार्या डॉ. बिंदु शर्मा ने निगम के सभी अधिकारियों का आभार जताया।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर सेनेटरी इंस्पैक्टर गोविंद शर्मा, सृष्टि जनकल्याण समिति की मीनू चसवाल, सुदर्शन फाऊंडेशन के संदीप बजाज, निगम की आईईसी एक्सपर्ट पूजा व वार्ड 16 के पार्षद संदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

# बच्चों का तिलक से किया स्वागत

- गर्मी की छुट्टियों के बाद पहली बार स्कूल पहुंचने पर बच्चों को स्टाफ ने किया तिलक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

जनता पब्लिक स्कूल अलाहर में गर्मी की छुट्टियों के बाद पहुंचे छात्रों का स्टॉफ सदस्यों ने तिलक लगाकर स्वागत किया। विशेष प्रार्थना सभा में सभी छात्रों ने हनुमान चालीसा का सामूहिक गान किया। तत्पश्चात सभी विद्यार्थियों ने तिलक लगवा कर कक्षा कक्ष में प्रवेश किया।

स्कूल चेयरमैन मुकेश शास्त्री ने बताया कि गर्मी की छुट्टियों के बाद आज स्कूल खुला है। सभी बच्चे स्कूल आने को लेकर उत्साहित दिखे। अपनी परंपरा के अनुसार सभी बच्चों ने प्रार्थना सभा में हनुमान चालीसा गायकर व तिलक के साथ स्कूल में प्रवेश किया। यह एक अलग अनुभव है जो बच्चों को नई प्रेरणा देगा। इस मौके पर रूबी कांबोज, दीपिका शर्मा, नेहा रानी, शोभा, मीनाक्षी, पूनम, पूजा, हिमांशु शर्मा, अखिल कांबोज, निशा, रेनू व रीना इत्यादि मौजूद रहे।



यमुनानगर के जनता स्कूल अलाहर में विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत करते स्टाफ सदस्य।

## खबर संक्षेप

### शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म

**यमुनानगर।** जगाधरी वर्कशाप क्षेत्र में एक युवक ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म किया। बाद में आरोपी ने उसे शादी करने से मना कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। वर्कशॉप क्षेत्र निवासी 24 वर्षीय युवती ने फरकपुर पुलिस को बताया कि उसकी खेरूल नामक युवक के साथ पहचान थी। आरोपी उससे फोन पर बात करने लगा। जून 2023 में आरोपी उसे मिलने आया व शादी का झांसा देकर उसके साथ संबंध बनाए। आरोपी करीब दो साल तक उससे शादी का झांसा देकर संबंध बनाता रहा। जब उसने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी ने मना कर दिया व जान से मारने की धमकी दी।

### फर्जी फोन कॉल से रहें सावधानः एसपी

**यमुनानगर।** साइबर ठगी के बढ़ते मामलों को देखते हुए एसपी सुरेंद्र सिंह भौरिया ने लोगों को सावधान किया है। उन्होंने कहा कि यदि फोन पर कोई स्वयं को ईडी या सीबीआई का अधिकारी बता कर डराने का प्रयास करें तो उससे सावधान रहना चाहिए। ऐसे व्यक्ति साइबर ठग हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी सरकारी कर्मचारी या अधिकारी ऑनलाइन माध्यम से रुपयों की मांग नही करता है। यदि कोई ऐसा कर रहा है तो निश्चित तौर पर वह साइबर अपराधी है। जो आपको साइबर फ्राड का शिकार बनाना चाहता है। वर्तमान मे साइबर अपराधियों द्वारा अलग अलग प्रकार के तरीके अपनाते हुए लोगों को साइबर ठगी का शिकार बनाया जा रहा है।

## जिले में अलग-अलग हादसों में दो की मौत और तीन घायल

# अस्पताल के सामने भिड़ी कार-एंबुलेंस एक गर्भवती और दो महिलाएं घायल

अलसुबह हुए हादसे के बाद कई बार पलटी कार क्षतिगस्त, घायलों को पीजीआई किया रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

यमुनानगर सिविल अस्पताल के सामने वीरवार तड़के करीब चार बजे तेज रफ्तार कार ने एम्बुलेंस को टक्कर मार दी। हादसे में गर्भवती महिला समेत एम्बुलेंस व कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गए।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार सड़क पर कई बार पलट कर बूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। इसके साथ ही एम्बुलेंस भी आगे से पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होकर सड़क किनारे खड़ी एक अन्य एम्बुलेंस से जा टकराई। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां से कार चालक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे पीजीआई रैफर कर दिया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार वीरवार तड़के करीब चार बजे सिविल अस्पताल का एम्बुलेंस चालक रादौर निवासी सतीश कुमार एम्बुलेंस से गर्भवती महिला गांधी नगर निवासी सुमन को लेकर सिविल अस्पताल आ रहा था। जब वह सिविल अस्पताल में एंट्री करने लगा तो इस दौरान जगाधरी की तरफ से एक तेज रफ्तार कार आई। जिसे कोट मुस्तरका निवासी सिमरनजीत सिंह चल रहा था। कार में दो अन्य लोग सवार थे। बताया जा रहा है कि कार इतनी तेज थी कि जैसे ही एम्बुलेंस सिविल अस्पताल के गेट की तरफ आने लगी तो कार चालक कार को नियंत्रित नहीं कर पाया।

### एंबलुेंस का भी अगला हिस्सा हुआ क्षतिग्रस्त

कार की सीधी टक्कर एम्बुलेंस से हो गई। हादसे में कार सड़क पर करइं बार पलटी। जिससे वह बूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। इसके साथ ही एम्बुलेंस का अगला हिस्सा बूरी तरह से टूट गया। एम्बुलेंस सड़क किनारे खड़ी एक अन्य एम्बुलेंस से टकरा गई। हादसे में गर्भवती महिला सुमन, एम्बुलेंस चालक सतीश कुमार व कार चालक सिमरनजीत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों ने घायलों को सिविल अस्पताल पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों ने सिमरनजीत सिंह की गंभीर हालत को देखते हुए उसे पीजीआई रैफर कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में लिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।



यमुनानगर। सिविल अस्पताल के सामने सड़क किनारे पलटी कार।



यमुनानगर। मजदूर की मौत के मामले में जानकारी देते हुए शोकाकुल परिजन।

### ट्रक एक्टिवा की टक्कर में कर्मी की मौत

**यमुनानगर।** गांव दामला के पास ट्रक की टक्कर लगने से इस्जैक कंपनी के कर्मचारी की मौत हो गई। मृतक अपनी एक्टिवा पर दामला स्थित डिस्पेंसरी में दवाई लेने के लिए गया था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। हमीदा निवासी 28 वर्षीय आनंद सिंह इस्जैक कंपनी में काम करता था। बुधवारदोपहर लंच टाइम में वह एक्टिवा पर गांव दामला स्थित डिस्पेंसरी में दवाई लेने के लिए गया था। जब वह गांव दामला के पास पहुंचा तो तेज गति से आ रहे ट्रक ने उसकी एक्टिवा को टक्कर मार दी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घायल को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मृतक के परिजनों को सूचित किया। बाद में पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### काम के दौरान मजदूर की संदिग्ध मौत

**यमुनानगर।** गांव मंडेबर में कार्य करने के दौरान 29 वर्षीय मजदूर की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। मौत के कारणों का पता नहीं चला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले में जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक शहर के एकता विहार निवासी रवि(29) सुबह के वक्त रोज की तरह मंडेबर गांव में रिंकू नामक पलंबर के पास मजदूरी करने गया था। दोपहर के समय मजदूरी का कार्य करने के दौरान रवि की अचानक तबियत बिगड़ गई। गंभीर हालत में उसे तुरंत अस्पताल में ले जाया गया जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस व परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। मामले में जांच कर रही पुलिस का कहना है कि मृतक के शरीर पर कोई निशान आदि नहीं पाया गया है। मौत के कारणों की जांच की जा रही है। जांच में जो सामने आएगा कार्रवाई की जाएगी।




यमुनानगर के गोबिंदपुरा में स्वच्छता के प्रति जागरुक करते हुए निगम की टीम।

# जल जनित बीमारियों से बचाव के लिए स्वच्छता होना जरूरीः अग्रवाल

- आईईसी एक्सपर्ट पूजा अग्रवाल के नेतृत्व में स्वच्छता टीम ने शहर में चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

बरसाती सीजन में बीमारियों से बचने के प्रति जागरूक करने के लिए नगर निगम यमुनानगर द्वारा स्वच्छता अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान का शुभारंभ किया है। अभियान के तहत नगर निगम की स्वच्छता टीम ने शहर के रवि नगर व गोबिंदपुरा में लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

नगर निगम की आईईसी एक्सपर्ट पूजा अग्रवाल के नेतृत्व में स्वच्छता टीम शहर के रवि नगर व गोबिंदपुरा में पहुंची। इस दौरान पूजा अग्रवाल ने लोगों को बरसात के मौसम में अपने आसपास गंदा पानी जमा नहीं होने देने और वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए समझाया। उन्होंने बताया कि सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान का उद्देश्य बंद नालियों, कूड़े के ढेर, जलभराव से निपटने और स्वच्छता और सुरक्षित पेयजल तक पहुंच सुनिश्चित करके सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिमों को कम करना है। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत उन्होंने लोगों को जल जनित और वेक्टर जनित बीमारियों को फैलने से रोकने के लिए स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। पूजा अग्रवाल ने लोगों को आहवान किया कि वह डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया आदि बीमारियों को फैलने से रोकने के लिए अपने आसपास गंदा पानी एकत्रित न होने दें। उन्होंने लोगों को अपने आसपास सफाई का विशेष ध्यान रखने के लिए सलाह दी और उन्हें जलभराव व गंदगी से होने वाली बीमारियों की जानकारी दी गई। लोगों को जागरूक किया गया कि वे घर का सूखा व गीला कचरा अलग अलग एकत्रित कर उसे डोर टू डोर निगम के वाहन को दें। यदि उनके आसपास गंदा पानी एकत्रित होता है तो उसकी निकासी के लिए नगर निगम को सूचना दें। उन्होंने कहा कि सफाई अपनाना और बीमारी को दूर भगाना एक ऐसी सेवा है। जिसे हम अपने घर से ही प्रारंभ कर सकते हैं। इसलिए सभी लोग अपने घर और आसपास के क्षेत्र में वातावरण को साफ सूथरा रखें।

## एमबीए प्रथम समेस्टर में आंचल ने प्राप्त किया पहला स्थान

**रादौर।** जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर के एमबीए के छात्रों ने प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा परिणामों में शानदार प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन किया। संस्थान के निदेशक डॉ.एसके गर्ग ने बताया कि एमबीए प्रथम समेस्टर के परिणामों में छात्रा आंचल ने पहला, विलाष ने दूसरा, वृष्टि एवं निष्ठा ने तीसरा तथा भंवर, कोमल, तानिया, तनवीर व तन्वी ने छठा स्थान हासिल किया है। वहीं दूसरी ओर इसी कक्षा के नौ छात्रों ने शीर्ष 10 मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन करते हुए उच्च स्तरीय प्रदर्शन किया। संस्थान के मेधावी छात्रों ने शीर्ष दस में पहले तीन स्थान पर अपना कब्जा जमाया। डॉ.एसके गर्ग ने सभी छात्रों एवं विभाग की अध्यक्षा अनुजा गोयल को परीक्षा परिणामों पर बधाई दी और छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। विभाग की अध्यक्षा अनुजा गोयल ने सफलता का श्रेय छात्रों की लगन एवं विभाग के प्राध्यापकों की कड़ी मेहनत को दिया। साथ ही भविष्य में भी उच्च स्तरीय परिणामों की बात कही।



## अधिकारी जनसमस्याओं का शीघ्रता से करें समाधानः गुप्ता

**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। नगराधीश पीयूष गुप्ता ने लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने अधिकारियों को समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं का प्राथमिकता से शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए।

सीटीएम ने कहा कि समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है। ताकि समस्याओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से सुलझाया जा सके। इन शिविरों के माध्यम से नागरिकों को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते हैं। बल्कि वे एक ही स्थान पर अधिकारियों से सीधे संवाद कर सकते हैं। सीटीएम ने बताया कि वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में चार शिकायतें आईं। जगाधरी के संजीव कुमार व नरेश कुमार ने परिवार पहचान पत्र ठीक करवाने बारे, दुर्गा कॉलोनी निवासी जय सिंह ने पशु डेयरी हटवाने बारे व महावीर कॉलोनी निवासी सुमन रानी ने सिवरेज ब्लॉक होने की समस्या रखी। इस अवसर पर डीएसपी कंवलजीत सिंह व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



## भाजपा ने कर्मचारियों से किया कोई भी वायदा नहीं किया पूरा

**रादौर।** कांग्रेस के प्रदेश सचिव एडवोकेट धर्मबीर सिंह कंडरौली ने कहा कि भाजपा सरकार ने एचकेआरएन में लगे कर्मचारियों को 58 वर्ष तक जॉब गारंटी देने का वायदा किया था। लेकिन आज तक अपना किया गया वायदा नहीं निभाया। जिससे कर्मचारियों में भाजपा की कार्यप्रणाली को लेकर रोष बढ़ता जा रहा है। कंडरौली ने कहा कि भाजपा सरकार ने 15 अगस्त 2024 को कर्मचारियों से वायदा किया था कि कर्मचारियों को 58 वर्ष की आयु तक कोई भी नौकरी से नहीं हटाएगा। लेकिन मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार ने एचकेआरएन में लगे कर्मचारियों को हटाने का काम किया है। एचकेआरएन में लगे शिक्षकों को भी बाहर करने का काम किया है। जिससे नायब सैनी सरकार के वायदे धूमिल होते नजर आ रहे हैं। वहीं किसानों की आय दोगुनी करने का भी वायदा सरकार ने आज तक नहीं निभाया। अपने हक के लिए आंदोलन करने वाले किसान, मजदूर, कर्मचारी, आशा वर्करों पर लाठियां भांजने का काम किया गया है।



## आयुष्मान वय वंदना में बुजुर्गों को मिल रहा मुफ्त इलाजः कंवरपाल

**यमुनानगर।** पूर्व मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि आयुष्मान वय वंदना स्कीम के तहत 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों का मुफ्त में इलाज हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 70 साल या उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य बीमा कवरेज शुरू करने की घोषणा की थी। पूर्व कैबिनेट मंत्री वीरवार को जगाधरी में अपने निवास स्थान पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत 70 या उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को उनकी वित्तीय स्थिति की परवाह किए बिना पांच लाख तक का हेल्थ कवरेज मिलेगा। आयुष्मान वय वंदना स्कीम के तहत 70 वर्ष व उससे अधिक उम्र वाले व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड जिला यमुनानगर के सिविल अस्पताल जगाधरी, सिविल अस्पताल यमुनानगर, सभी सीएचसी के अतिरिक्त पीएचसी खारवन, पीएचसी बूड़ियि, पीएचसी भंभोल व पीएचसी कोट में बनाए जा रहे है।



## पुलिस ने वाहन चालकों को ट्रैफिक नियमों के प्रति किया जागरूक

**यमुनानगर।** जिला पुलिस ने वीरवार को जिले में अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने व वाहन चालकों को यातायात के नियमों की पालना करने के लिए चैकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने वाहनों की जांच की और चालकों को यातायात के नियमों की जानकारी दी। प्रवक्ता चमकौर सिंह ने बताया कि जिला पुलिस की टीमों ने वीरवार को जिले में विभिन्न स्थानों पर नाकाबंदी करके वाहनों की जांच की। इस दौरान नाकों पर नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों को यातायात के नियमों की कड़ाई से पालना करने के लिए जागरूक किया गया।



जिला जेल में आयोजित लोक अदालत में केस की सुनवाई करती सीजेएम।

## मासिक लोकअदालत में रखे गए दो केस, एक का निपटारा

- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की जिला जेल में लगी लोक अदालत।

**यमुनानगर।** जिला जेल में सीजेएम एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुमित्रा कादियान ने लोक अदालत का आयोजन किया। जिसमें समाधान के लिए दो शिकायतें पहुंची। एक शिकायत को दोनों पक्षों की सहमती से मौके पर ही निपटारा कर दिया गया। सीजेएम सुमित्रा कादियान ने बताया कि लोक अदालत में दो केस रखे गए। जिसमें से एक केस का निपटारा किया गया। उन्होंने बताया कि यह लोक अदालत नियमित जेल लोक अदालत है जो हर महीने आयोजित की जाती है। इनमें उन मामलों का निपटारा किया जाता है जो लोक अदालत में निपटाए जाने के योग्य पाए जाते है। उन्होंने जेल में कैदियों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं की भी जांच की। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि कोई भी बंदी या कैदी बिना किसी वकील के प्रतिनिधित्व के न रहें। उन्होंने कहा कि अगर कोई निजी वकील नहीं रख सकता है तो डीएलएसए उसे एक पैनल वकील या कानूनी सहायता बचाव वकील प्रदान करेंगा।

## प्रदर्शन कर जिला उपायुक्त को सौंपा अपनी मांगों का ज्ञापन, समाधान की मांग

# जलभराव के विरोध में आगजा के सदस्यों ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

आगाज संस्था यमुनानगर के सदस्यों ने ट्विन सिटी में जल भराव की समस्या को लेकर वीरवार को जिला सचिवालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर ट्विन सिटी में बारिश के कारण होने वाली जल भराव की समस्या को दूर करवाए जाने की मांग की।

वीरवार सुबह आगाज संस्था के सैंकड़ो सदस्य राहुल भान के नेतृत्व में जिला सचिवालय के समक्ष पहुंच गए और प्रदर्शन करने लगे। प्रदर्शन करते हुए संस्था के सदस्य जिला सचिवालय में पहुंचे व डीसी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उपायुक्त को अवगत करवाया कि ट्विन सिटी में हल्की सी बारिश होने पर ही जल भराव की समस्या हो जाती है। उन्होंने कहा कि हल्की सी बारिश में शहर पानी से लबा लब हो जाता है और लोगों के घरों व गलियों में पानी भर जाता है। जिससे लोग परेशान हो जाते हैं। उपायुक्त से शहर में बारिश से बार बार होने वाली जल भराव की समस्या को दूर किए जाने और नालों की साफ सफाई ठीक से किए जाने की मांग की। राहुल भान ने कहा कि जलभराव की समस्या का संस्था के सदस्य सोशल मीडिया पर भी वीडियो बना के डाल रहे हैं। बावजूद इसके समाधान नहीं हो रहा। उन्होंने डीसी से शहर में होने वाली जल भराव की समस्या को जल्द दूर करवाए जाने की मांग की।




## पंजाब कॉलोनी में गढ्ढे व नालियों के टूटे ढक्कनों से परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

इंद्री के वार्ड नंबर 10 व 14 मे पडने वाली पंजाब कॉलोनी की नालियों में पानी के निकासी के लिए लगाए गए पाइप व सफाई के लिए लगाए गए ढक्कन जगह-जगह टूटे पड़े है। नालियों मे सफाई के लिए बनाए गए मैनहोल के ढक्कन व जाली तक नहीं है । जिसके कारण वहां पर हर समय हादसे होने का खतरा बना रहता है। नालियों के ढक्कन नही होने से पाइप रुक जाते हैं और थोड़ी सी बारिश के आने पर गलियों में पानी भर जाता है । जिस कारण सीवरेज के मेनहोलो के पास बडे-बडे गढ्ढे बन गए है । जिनमे कई दो पहिया वाहन चालक गिरकर घायल हो चुके हैं। नपा से बार-बार मांग के बाद भी कॉलोनी वासियों की उक्त समस्या का कोई समाधान नहीं हो रहा है। जिससे कॉलोनीवासियों में रोष है। क्षेत्रवासी जगजीत, राजकुमार, राजेंद्र, देवेंद्र, वीनू भाटिया व रमन ने कहा कि कॉलोनी में नालियों के ढक्कन टुटे होने व सीवरेज के मेन होल के साथ बडे गढ्ढे बने होने से हर समय हादसों का खतरा बना रहता है । जिससे कॉलोनी मे आने जाने मे भारी परेशानी का सामना करना पडता है। नगर पालिका इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है । कॉलोनी वासियों ने शिघ्र समस्या से निजात दिलवाने की मांग की है। इस मामले में नगर पालिका इंद्री के जेई प्रशांत राणा का कहना है कि समस्या को हल करने के लिए नगरपालिका हाउस की मीटिंग में पास करवा दिया गया है । शीघ्र ही एस्टीमेट बनाकर समस्या का हल करवा दिया जाएगा ।



## खबर संक्षेप

### जल्द हटेंगे नालों से कब्जे : मोहनलाल

**पिहोवा।** शहर में लगातार बढ़ते अतिक्रमण और नालों पर अवैध कब्जों के चलते जाम और जलभराव की समस्या गहराती जा रही है। विशेषकर बरसाती मौसम के दौरान गंदगी और पानी के जमाव की स्थिति को लेकर नगरवासियों में भारी असंतोष है।



इसी को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका प्रशासन हरकत में आया है। नगर पालिका सचिव मोहनलाल ने सख्त निर्देश जारी करते हुए कहा कि नालों पर कब्जा कर लेंटर डालने वाले दुकानदारों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### गुरु दक्ष प्रजापति जयंती का दिया निमंत्रण

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र प्रजापति धर्मशाला और बीपीएचओ कैथल जिले की संयुक्त टीम 10 जुलाई गुरुपूर्णिमा को कुरुक्षेत्र में ओर 13 जुलाई को भिवानी में होने वाली राज्यस्तरीय गुरु दक्ष प्रजापति जयंती का निमंत्रण देने चीका में पहुंची। कुरुक्षेत्र प्रजापति धर्मशाला के प्रधान पवन कुमार कानूनगो और बीपीएचओ कैथल के शहरी जिलाध्यक्ष मनोज रामगढ़ ने बताया 13 जुलाई को भिवानी में राज्यस्तरीय जयंती बड़ी धूम धाम से मनाई जाएगी।

### मेडिएशन फॉर द नेशन अभियान का शुभारंभ

**कुरुक्षेत्र।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वैकल्पिक विवाद निवारण प्रणाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष जन-जागरूकता अभियान मेडिएशन फॉर द नेशन की शुरूआत की गई है। यह अभियान भारत के न्यायिक तंत्र पर बढ़ते बोझ को कम करने और जनता को त्वरित, सरल, सुलभ तथा सौहार्दपूर्ण न्याय उपलब्ध कराने के लिए मध्यस्थता (मेडिएशन) के महत्व को रेखांकित करता है।

### साइबर ठगी होने पर डायल करें 1930

**पिहोवा।** सोशल मीडिया के दौर में बढ़ते साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों को ध्यान में रखते हुए ऐसे मामलों की तत्काल सूचना देने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क सकते हैं। एसडीएम कपिल कुमार ने कहा कि पिछले कुछ सालों से लोगों में ऑनलाइन शॉपिंग के बढ़ते क्रेज के कारण अक्सर लोग सोशल मीडिया पर बंपर डिस्काउंट, लॉटरी या फिर इनामी विज्ञापनों के झांसे में आ जाते हैं। ऐसे में पहले यह सुनिश्चित कर लें कि इस्तेमाल की जा रही वेबसाइट सुरक्षित है या नहीं। उन्होंने कहा कि अगर संभव है तो कोशिश करें कि ऑनलाइन साइट्स से सामान मंगवाते समय कैश ऑन डिलीवरी का ऑप्शन चुने ताकि आपकी बैंक और कार्ड डिटेल साइबर अपराधियों के हाथ न लग सके।

## बीकॉम में दाखिले के लिए अभ्यर्थियों को आज होना होगा उपस्थित

# केयू आईआईएचएस के बीकॉम में ऑल इंडिया जनरल कैटेगरी की प्रथम मेरिट 101 तक पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के निदेर्शानुसार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ इंटिग्रेटिड एंड ऑनर्स स्टडीज द्वारा बीकॉम, बीएससी होम साइंस तथा बीटीटीएम में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए दाखिले की मेरिट सूची जारी की गई है। यह जानकारी देते हुए आईआईएचएस की प्राचार्या प्रो. रीटा ने बताया कि केयू आईआईएचएस की वेबसाइट पर उपलब्ध मेरिट सूची के अनुसार बीकॉम में दाखिले के लिए अभ्यर्थियों को आईआईएचएस संस्थान में 4 जुलाई को अपने संबंधित मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना होगा। प्रो. रीटा ने बताया कि बीकाम में ऑल इंडिया जनरल की मेरिट 106 से 101 तक, ऑल इंडिया ईडब्ल्यूएस की 100.6, हरियाणा जनरल की 101 से 98.6 तक, हरियाणा ईडब्ल्यूएस 98.4 से 96.4 तक, हरियाणा ओएससी 98.2 से 95.4 तक, हरियाणा डी-एससी की 97.6 से 92.8 तक,



हरियाणा बीसीए 98.6 से 94.6 तक, हरियाणा बीसीबी 98.6 से 96 तक तथा डीए/पीडब्ल्यूडी/ पीएच/ ब्लाइंड/ईएसएम की 88.4 से 77 प्रतिशत पर मेरिट समाप्त हुई। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि बीएससी होम साइंस की आल इंडिया जनरल की मेरिट सूची 102 से शुरू होकर 94.8 तक, हरियाणा जनरल कैटेगरी की 94.4 से 89 तक, हरियाणा ईडब्ल्यूएस 83.8 से 82 तक, हरियाणा ओएससी की 87.8 से 82.8 तक, हरियाणा डी-एससी की 80 से 76 तक, हरियाणा बीसीए की 88.8 से 86.2 तक तथा हरियाणा बीसीबी की 88 से 87.2 प्रतिशत पर मेरिट समाप्त हुई। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही बीटीटीएम कार्यक्रम में आल इंडिया ओपन की मेरिट सूची 100.8 से शुरू होकर 96.4 तक, हरियाणा की 96.2 से 91 तक, ईडब्ल्यूएस 90.8 से 90.2 तक, ओएससी की 88.4 से 82.6 तक, डी-एससी की 89 से 76.6 तक, बीसीए की 87.4 से 80.8 तक, बीसीबी 87.4 से 85 तक तथा ईएसएम/एफएफ कैटेगरी की मेरिट 79.4 प्रतिशत पर समाप्त हुई। उन्होंने बताया कि मेरिट सूची की विस्तृत जानकारी केयू आईआईएचएस की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि बीकाम में हरियाणा जनरल की प्रथम मेरिट 101 से 98.6 तक, बीएससी होम साइंस की हरियाणा जनरल कैटेगरी की मेरिट 94.4 से 89 तक तथा बीटीटीएम के लिए हरियाणा जनरल की मेरिट 96.2 से 91 प्रतिशत पर रूकी।

### कुवि में एम.कॉम व गृह विज्ञान की प्रवेश परीक्षा देने 220 परीक्षार्थी पहुंचे

*कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 को लेकर विभिन्न विभागों व संस्थानों में स्नातक/स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों को लेकर प्रवेश परीक्षाओं का नियमित रूप से आयोजन किया जा रहा है। केयू परिसर में प्रवेश परीक्षा के अंतर्गत गुरुवार को एम.कॉम व एम.एस.सी. गृह विज्ञान (फूड न्यूट्रिशन एंड डायटिक्स) की प्रवेश परीक्षा संचालित की गई जिसमें 80 फीसदी परीक्षार्थी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा देने पहुंचे। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि गुरुवार प्रातः 10 बजे एम.कॉम व एम.एस.सी. गृह विज्ञान (फूड न्यूट्रिशन एंड डायटिक्स) की प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। यह परीक्षा कम्युनिटी सेंटर ब्लॉक-1 व ब्लॉक-2 में संचालित हुई जिसमें 220 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। पीजी कोर्सिज के तहत एम.कॉम की परीक्षा में 199 में से 162 परीक्षार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई जबकि एस.सी. गृह विज्ञान (फूड न्यूट्रिशन एंड डायटिक्स) की परीक्षा में 82 में से 58 परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे। दोनों परीक्षा केन्द्रों पर केन्द्र अधीक्षकों व पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई ताकि परीक्षाओं का संचालन शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो सकें। उन्होंने बताया कि केयू कैम्पस में दाखिला हेतु चल रही प्रवेश प्रक्रिया में लगभग सभी कोर्स की परीक्षा सम्पन्न हो चुकी है। यह प्रवेश परीक्षाएं 23 जून से सुचारु रूप से चल रही हैं जोकि अपने अंतिम पड़ाव में पहुंच चुकी हैं। डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि प्रवेश परीक्षा के अंतिम चरण में 4 कोर्स की परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा जिनमें एम.ए. हिन्दी, एम.एस.सी. एप्लाइड जियोलॉजी, बी.एड. स्पैशल एजूकेशन व मास्टर इन लाइब्रेरी साईंस (2 वर्षीय) की परीक्षाएं शामिल है। इन सभी परीक्षाओं में 200 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है जोकि कम्युनिटी सेंटर ब्लॉक एक व ब्लॉक दो में संचालित की जाएंगी।*

## सरकार ने बिजली के रेट बढ़ाकर आमजन को दिया झटका : अरोड़ा



कुरुक्षेत्र। अपने निवास स्थान पर बातचीत करते विधायक अशोक अरोड़ा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं थानेसर विधायक अशोक अरोड़ा ने बिजली के बढ़े रेट और बीपीएल परिवारों को दिए जाने वाले सरसों के तेल के दामों में बढ़ोतरी पर भाजपा सरकार को घेरा। अरोड़ा ने आरोप लगाया कि पहले भाजपा ने गरीबों को बहकाकर उनके वोट हथियाने का काम किया, अब बिजली के रेट बढ़ाकर बड़ा झटका दिया है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए अशोक अरोड़ा ने भाजपा सरकार से सवाल पूछा कि जब सरकार लाइन लोस घटने का दावा कर रही है तो बिजली के रेट घटाने की बजाय बढ़ाए क्यों जा रहे हैं।

### नप थानेसर में नालों की सफाई के नाम पर करोड़ों का घोटाला

*अशोक अरोड़ा ने कहा कि नगर परिषद थानेसर में नालों की सफाई के नाम पर करोड़ों का घोटाला किया गया है। मानसून का सीजन शुरू हो चुका है। उनकी जानकारी के अनुसार नालों की सफाई व रिपेयर के नाम पर लगभग 3 करोड़ रूपए का वर्क ऑर्डर 18 जून को दिया गया और 30 जून तक काफी काम पूरा कर दिया गया दिखाया गया है। जबकि नाले गंदगी से अंटे पड़े हैं। बरसात ने प्रशासन के दावों की पोल खोल दी है। लोगों की दुकानों और घर में पानी घुस गया था, यह एक बहुत बड़ा घोटाला है। इसकी जांच होनी चाहिए।*

### 70 जरूरतमंद परिवारों को दी सहायता



**कुरुक्षेत्र।** सतयुग दर्शन ट्रस्ट के सदस्यों ने कुरुक्षेत्र में जरूरतमंद परिवारों को कपड़े, खाने-पीने का सामान व आर्थिक सहायता करके उनका सहयोग किया। सतयुग दर्शन ट्रस्ट के सदस्यों ने बताया कि सतयुग दर्शन ट्रस्ट फरीदाबाद द्वारा 1 से 31 जुलाई तकगरीब परिवारों को जरूरत का सामान व आर्थिक सहयोग देकर उनकी मदद की जा रही है। इसी कड़ी में वीरवार को सतयुग दर्शन ट्रस्ट की कुरुक्षेत्र शाखा ने जरूरतमंद 70 परिवारों को नए वस्त्र, खाने-पीने का सामान व हर परिवार को 500 रुपए नकद धन राशि देकर उनकी आर्थिक रूप से भी मदद की।

## जांच, उपचार और परामर्श कर एनीमिया बीमारी को करना है खत्मः पंकज सेतिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

एसडीएम पंकज सेतिया ने कहा कि एनीमिया मुक्त हरियाणा के तहत समाज में सभी एनीमिया से ग्रसित मरीजों की जांच, उपचार, परामर्श तथा मरीजों की ट्रैकिंग करने उपरांत एनीमिया जैसी बीमारी को संपूर्ण रूप से खत्म करना है। उपमंडल के अधीन आने वाले गांवों व शहर सहित पूरे क्षेत्र को कवर करने के लिए स्वास्थ्य विभाग की 20 टीमों का गठन किया गया है। लाडवा एसडीएम पंकज सेतिया वीरवार को एनीमिया मुक्त हरियाणा कार्यक्रम को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस दौरान चिकित्सा अधिकारी डॉ. कृष्णकांत वशिष्ठ, चिकित्सा अधिकारी डॉ नीलम, रीजनल कोऑर्डिनेटर विनय गांधी,



कुरुक्षेत्र। बैठक के दौरान व उपस्थित अधिकारी व कर्मचारी।

बलकार सिंह तहसीलदार, साहिब सिंह बीडीपीओ, आईसीडीएस तथा एजुकेशन विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान उपमंडल अधिकारी पंकज सेतिया ने स्वयं तथा सभा में आए सभी सदस्यों के खून की जांच करवाई गई। उपमंडल कार्यालय में कार्यरत सभी अधिकारी व कर्मचारियों के खून की जांच भी करवाई गई।

### नालों तथा सीवरेजों की हो रही सफाई : एसडीएम

**पिहोवा।** एसडीएम कपिल कुमार ने कहा कि बारिशों के सीजन में किसी भी जगह पानी का भराव या पानी निकासी में कोई दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। इसके लिए शहर भर में लगातार सफाई कार्य किए जा रहे हैं। सम्बंधित विभागों के अधिकारियों के साथ फील्ड में जाकर सफाई कार्यों का जायजा लिया जा रहा है। जहां कहीं भी कोई कमी दिखाई पड़ती है तो उसे दुरुस्त करवाया जा रहा है। एसडीएम कपिल कुमार ने कहा कि मानसून के मौसम में उपमंडल में जलभराव रोकने के लिए नालों की सफाई और नहरों की डिसिल्टिंग करवाई जा रही है। इसके अतिरिक्त बाढ़ नियंत्रण के लिए चल रही परियोजनाओं की निरंतर समीक्षा भी की जा रही है।

## पौधे मानव जीवन का अभिन्न अंगः वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- 1 जुलाई से 6 जुलाई तक चलाया जा रहा वृक्षारोपण अभियान

नाबार्ड अंबाला कलस्टर की जिला विकास प्रबंधक ऋतु वर्मा ने कहा है कि पौधरोपण करने के कई लाभ हैं। पेड़ पौधे मानव जीवन का अभिन्न अंग हैं। वहीं पेड़ पौधे पर्यावरण को शुद्ध रखते हैं। जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करना, मिट्टी के कटाव को रोकना और जैव विविधता को बढावा देना पेड़ पौधों द्वारा ही संभव है। इसलिए हमें अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने चाहिए। वे अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के उपलक्ष्य में भारत सरकार सहकारिता विभाग के निदेर्शानुसार केंद्रीय सहकारी बैंक के परिसर में पौधरोपण करने के दौरान संबोधित कर रही थी। केंद्रीय सहकारी बैंक के महाप्रबंधक सुनील पातड़ ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के उपलक्ष्य में एक



जुलाई से 6 जुलाई तक बैंक की सभी शाखाओं व सहकारी समितियों में सामूहिक वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने पेड़ पौधों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इनके बिना मानव जीवन अधूरा है। इस मौके पर बैंक के विकास अधिकारी अशोक मांजू, स्थापना अधिकारी मनोज कुमार, सहायक प्रबंधक हेमलता, बलिंद्र कुमार, हरीश चंद गुप्ता आदि रहे।



## जल संरक्षण और पानी की गुणवत्ता की जांच के लिए चलाया विशेष जागरूकता अभियान

**कुरुक्षेत्र।** जिला सलाहकार डेलिया बातिश ने कहा कि ग्राम पंचायत खेड़ी मारकंडा खंड पिपली में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के तत्वावधान में गांव के जल घरों, आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों व घर-घर में जाकर जल संरक्षण और पानी की गुणवत्ता जांच को लेकर एक विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण जनता को स्वच्छ पेयजल के महत्व से अवगत कराया और जल स्रोतों के संरक्षण के उपायों के बारे में जागरूक करना है। जिला केमिस्ट निशा सैनी व जिला सलाहकार डेलिया बातिश ने कहा कि जल का संरक्षण न केवल पर्यावरण की रक्षा के लिए आवश्यक है, बल्कि यह स्वास्थ्य और कृषि के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। इसके साथ ही, स्थानीय जल स्रोतों से जल के नमूने लेकर उसकी गुणवत्ता की जांच की गई और जांच परिणामों की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। उन्होंने कहा कि इस जागरूकता अभियान में ग्रामीणों से जल संरक्षण हेतु जल पुनर्भरण, वर्षा जल संचयन आदि के महत्व पर चर्चा की गई, ग्रामीणों को घरेलू जल परीक्षण की विधियां सिखाई गई,जल स्रोतों की साफ-सफाई के बारे में प्रशिक्षण दिया गया।

## बच्चों ने पर्यावरण से जुड़ी जानकारियां की प्राप्त

- किड्स प्लैनेट प्रेम पब्लिक स्कूल ने पर्यायवरण संरक्षण को लेकर शैक्षिक भ्रमण का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

किड्स प्लैनेट प्रेम पब्लिक स्कूल द्वारा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने और विद्यार्थियों को प्रकृति से जोड़ने के उद्देश्य से वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत आज एक विशेष शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस आयोजन में कक्षा 1 से 3 तक के छात्रों को देवी लाल पार्क ले जाया गया, जहां उन्होंने हरियाली के बीच प्रकृति को करीब से महसूस किया और पर्यावरण से जुड़ी रोचक जानकारियाँ प्राप्त कीं। इस अवसर पर शिक्षकों ने बच्चों को वृक्षों के महत्व, वनस्पतियों की विभिन्न प्रजातियों जैसे जड़ी-बूटियां,



झाड़ियां और वृक्ष की पहचान करवाई। छात्रों ने इन पौधों को प्रत्यक्ष रूप से देखा और सीखा कि किस प्रकार ये सभी हमारे जीवन और पर्यावरण के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। इसके साथ ही छात्रों को बताया गया कि वन महोत्सव हर वर्ष जुलाई के पहले सप्ताह में मनाया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना, लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाना और हरियाली को प्रोत्साहित करना है। बच्चों ने सीखा कि एक छोटा पौधा भी भविष्य में बड़ा वृक्ष बनकर कई जीवों का सहारा बन सकता है। भ्रमण के दौरान बच्चों के चेहरे पर उत्साह और जिज्ञासा स्पष्ट रूप से नजर आ रही थी। उन्होंने पार्क की सुंदरता का आनंद लिया, शिक्षकों से सवाल पूछे और वृक्षों की छांव में बैठकर पर्यावरण की उपयोगिता को समझा। कुछ बच्चों ने कहा कि वे अब अपने घरों में भी पौधे लगाएंगे और उनकी देखभाल करेंगे।

## कृषि विभाग के अधिकारियों ने खाद व बीज विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर की छापेमारी

- दवाइयों और फसल बीजों के सैंपल लेकर लैब भिजवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डा. कर्मचंद ने कहा कि खरीफ सीजन के दौरान बिजाई की जाने वाली फसलों के प्रयोग हेतु कृषि आदानों (खाद, बीज व इंसेक्टिसाइड इत्यादि) की लगातार मांग बनी रहती है। किसानों को उच्च गुणवत्ता के कृषि आदान उपलब्ध हों, इसके लिए विभाग के निरीक्षकों को विशेष निर्देश दिए गए है कि बाजार में उपलब्ध सभी प्रकार के कृषि आदानों की समय रहते सैम्पलिंग की जाए ताकि किसानों को उचित समय पर उचित गुणवत्ता के कृषि आदान उपलब्ध करवाया जा सके। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डा. कर्मचंद ने आज यहां जारी प्रेस विज्ञिप्त में कहा कि अब तक खाद के 21, दवाइयों के 30 व विभिन्न फसलों के बीजों के 60 सैम्पल एकत्रित करके प्रयोगशालाओं में भेजे जा चुके है, जिनमें से 72 नमूनों के परिणाम आ चुके है और 3 नमूने अभी तक (दवाई का 1 व बीज के 2) फेल पाए गए है, बाकि 11 नमूनों का अभी तक परिणाम नहीं आया है। उन्होंने कहा कि खाद, बीज व इंसेक्टिसाइड निरीक्षकों को लगातार बाजार में नजर बनाए रखने व औचक निरीक्षण करने हेतु सख्त आदेश दिए हुए है ताकि किसानों को उच्च गुणवत्ता के कृषि आदान सही समय व बिना किसी बाधा के उपलब्ध हो सके।



लाडवा। सरस्वती मंदिर में दीप प्रज्वलित करने के बाद उपस्थित प्रधान पवन गर्ग व संस्था के सदस्य।

## सरस्वती मंदिर में की पूजा अर्चना

**लाडवा।** संजय गाँधी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल धनोरा-लाडवा में नवनिर्मित सरस्वती मंदिर में पंडित प्रवीन शर्मा ने विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों, माननीय प्रेस सदस्यगण, प्रधानाचार्य, अध्यापकों एवं विद्यार्थियों की उपस्तिथि में विशेष पूजा अर्चना कर विद्यालय के सुचारु संचालन व प्रगति तथा सबके सुख शांति के लिए प्रार्थना की। विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान पवन गर्ग ने विद्यालय के नए सत्र में किये गए विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विद्यालय के 'मिडिल विंग' में एयर कंडीशनर लगवाए गए ताकि विद्यार्थी अपनी पढाई पर और ध्यान दे सके। उन्होंने बताया कि विद्यालय के होनहार छात्र एलिश सैनी ने नीट यूजी में सफलता प्राप्त कर सरकारी कॉलेज में अपना दाखिला सुनिश्चित किया, जो निश्चित तौर पर न केवल विद्यालय बल्कि लाडवा क्षेत्र के लिए भी गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि स्कूल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक बुनियादी ढाँचे और अनुकूल वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि स्कूल की स्थापना 1980 में स्वर्गीय श्री ओम प्रकाश गर्ग, तत्कालीन एमएलसी, थानेसर के विधायक और उनकी टीम द्वारा धनौरा के लोगों की मदद से की गई थी, जिसका उद्देश्य क्षेत्र के बच्चों को सस्ती विश्व स्तरीय शिक्षा प्रदान करना था। स्कूल के सचिव रविंदर बंसल के अलावा, संयुक्त सचिव नरेंद्र सिंघल, कोषाध्यक्ष जितेंद्र सिंह गिल, राजन कंसल और प्रिंसिपल नरेंद्र शर्मा ने भी अनुष्ठान में भाग लिया।

**तैयारी** | मुख्यमंत्री के ओएसडी ने गांवों का दौरा कर सुनीं लोगों की समस्याएं

# बाढ़ की समस्या से निपटने के लिए सभी अधिकारी एकजुट होकर करें कार्य : भारती

सिंचाई विभाग के विश्राम गृह में उपमंडल पिहोवा के सभी विभागों के अधिकारियों की बैठक ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

मुख्यमंत्री हरियाणा के ओएसडी भारत भूषण भारती ने कहा कि बाढ़ जैसी समस्या से निपटने के लिए प्रशासन के प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारी को 24 घंटे तैयार रहना होगा। जनता को जल भराव की समस्या का सामना न करना पड़े, इसके लिए सरकार व प्रशासन हर समय तत्पर है। वे वीरवार को उपमंडल पिहोवा में मारकंडा नदी के तटबंध टूटने के उपरांत जल भराव से प्रभावित गांवों में दौरा करके लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। इस मौके पर उनके साथ सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग अग्रवाल, उपायुक्त कुरुक्षेत्र नेहा सिंह भी उपस्थित थे। भारत भूषण भारती



कुरुक्षेत्र। अधिकारियों से बातचीत करते मुख्यमंत्री हरियाणा के ओएसडी भारत भूषण भारती। फोटो : हरिभूमि

सिंचाई विभाग के विश्राम गृह में उपमंडल पिहोवा के सभी विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने सिंचाई विभाग व पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों से सभी प्रबंधों तथा व्यवस्थाओं की फीडबैक ली। उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र में जल भराव की समस्या आ रही है, वहां पर मुरम्मत कार्य तुरंत प्रभाव से करवाएं। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जहां भी पानी की निकासी का प्रबंध नहीं वहां पर दिन-रात कार्य करके उस जगह को दुरुस्त करवाया जाए। इस मौके पर उन्होंने नैसी, टबरा, जलबेड़ा, झांसा व पिपली गावों का दौरा किया तथा लोगों की समस्याएं सुनीं।

### फील्ड में रहकर निगरानी रखेंगे अधिकारी

डीसी कुरुक्षेत्र नेहा सिंह ने कहा कि इस सीजन में पानी की निकासी और बाढ़ राहत से सम्बन्धित चल रहे कार्यों को पूरा करने के उपरांत रिपोर्ट भेजने के लिए आदेश दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त 7 दिनों के अंदर सभी संबंधित विभागों के अधिकारी कार्य पूरा होने का प्रमाण पत्र भी सौंपना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी ड्रेनों, पुलियों के नीचे के सफाई तुरंत करवाना सुनिश्चित करेंगे और इसकी रिपोर्ट प्रशासन को सौंपेंगे। सभी अधिकारी इस विषय को गंभीरता के साथ लेंगे ओर फील्ड में रहकर हर प्रकार की स्थिति पर निगरानी रखेंगे। अगर किसी स्तर पर लापरवाही पाई गई तो सम्बन्धित अधिकारी को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी बीडीपीओ अपने-अपने अधीनस्थ गांवों का दौरा करेंगे और जिस भी गांव में पानी की निकासी नहीं हो रही उस गांव में पानी की निकासी करवाने के प्रबंध करेंगे। सभी अधिकारी एक-एक गांव और एक वार्ड में जाकर पानी निकासी करवाना सुनिश्चित करेंगे। इस विषय को लेकर मुख्यालय के साथ-साथ स्वयं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी संज्ञान ले रहे है। इस मौके पर हरियाणा सरस्वती हैरीटेज बोर्ड के उपाध्यक्ष धुम्मन सिंह किरमच, भाजपा के वरिष्ठद्ध नेता जय भगवान शर्मा डीडी, एसडीएम कपिल कुमार, डीएपसी निर्मल सिंह, पीडब्ल्यूडी के एसई अरविंद कौशिक, एसई अम्बाला मनीष शर्मा, चीफ इंजिनियर राकेश चौहान, हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के कार्यकारी अभियंता नवतेज सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष कुरुक्षेत्र तेजेंद्र सिंह गोल्डी, राकेश पुरोहित, एक्सईएन मनीष बब्बर सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

### अधिकारी समन्वय से करें कार्य

*सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सैनी बाढ़ सम्बंधी विषय पर विशेष निगरानी बनाए हैं। आमजन को बरसाती पानी से किसी प्रकार का नुकसान न भुगतना पड़े, इसके लिए सभी विभागों के अधिकारियों को समन्वय से कार्य करना है। उन्होंने कहा कि पानी निकासी न होने के कारण किसी भी व्यक्ति का नुकसान हुआ तो सम्बन्धित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बैठक में पानी निकासी को लेकर अभी तक किए गए कार्यों की फीडबैक ली और कहा कि सभी विभागों से सम्बन्धित पानी की निकासी न होने की शिकायतें लगातार मिल रही है।*

खबर संक्षेप

## मादक पदाथ की तस्करी करने वाला आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज मादक पदार्थों की तस्करी एवं आपराधिक मामले में वांछित आरोपी सन्नी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पहले भी कई आपरधिक मामले दर्ज हैं। 6 अप्रैल 2022 को पुलिस ने वांछित आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी के दौरान पुलिस बल पर जानलेवा हमला करने के मामले में गिरफ्तार आरोपी प्रिंस व राजेश ने दौराने अनुसंधान भारी मात्रा में अवैध नशीला पदार्थ रखना कबूल किया था। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने 260 ग्राम हेरोइन व 1500 नशीली गोलियां डेहा कालोनी में स्थित उनके गोदाम से बरामद की थी । इस मामले में आरोपी सन्नी काफी समय से फरार चल रहा था।

## डॉ. चंद्र त्रिखा के 80वें जन्मदिवस पर होगा विमोचन

**कुरुक्षेत्र।** वरिष्ठ साहित्यकार, चिंतक और पत्रकार डॉ. चंद्र त्रिखा के 80वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य साहित्यिक आयोजन का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर 'सृजन के शिखर-डॉ. चंद्र त्रिखा वंदन अभिनंदनइ नामक विशेष सम्मान पुस्तक का विमोचन किया जाएगा। इस गरिमामय आयोजन में गीता मनीषी महामण्डलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के करकमलों द्वारा ग्रंथ का लोकार्पण किया जाएगा। मुख्य अतिथि स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज होंगे व कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री राजेश खुल्लर, मुख्य प्रधान सचिव, मुख्यमंत्री हरियाणा करेंगे। यह आयोजन 5 जुलाई दिन शनिवार को प्रातः 11 बजे, पंजाब कला भवन सेक्टर-16, चंडीगढ़ में संपन्न होगा।

## छात्राओं को गुड व बैड टच की दी जानकारी

**बराड़ा।** शैमफॉर्ड विद्यालय में 'गुड व बैड टच' विषय पर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति की सदस्य लवली जैन ने कक्षा पहली से पांचवीं तक के विद्यार्थियों को अच्छे और बुरे स्पर्श की पहचान एवं उससे बचाव के उपायों की जानकारी दी। जैन ने बच्चों से संवाद करते हुए बताया कि किसी भी बच्चे को टच करने से पहले कई सावधानियाँ बरतना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर भी बच्चों को माता-पिता की अनुपस्थिति में स्पर्श नहीं कर सकते। बच्चों के साथ किया गया बैड टच एक गंभीर अपराध है और इसे छिपाने के बजाय, तुरंत माता-पिता या किसी भरोसेमंद व्यक्ति को बताना चाहिए।

## जिले में पैडी स्ट्रा सप्लाई चेन होगी स्थापित


**कुरुक्षेत्र।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डा. कर्मचंद ने कहा कि कृषि विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 में फसल अवशेष प्रबंधन की दर को गति देने व रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए कृषि विभाग जिले में पैडी स्ट्रा सप्लाई चेन स्थापित करेगा। इसके तहत 1 करोड़ व 1.5 करोड़ रुपए तक के प्रोजेक्ट बनाए जा सकते है। जिसमें कृषि विभाग 65 प्रतिशत की अनुदान राशि देगा। इस प्रोजेक्ट कोस्ट का 25 प्रतिशत खर्च उद्योग द्वारा व शेष 10 प्रतिशत खर्च एग्रीगेटर द्वारा वहन किया जाएगा।

# ऐतिहासिक नौरंगराय तालाब और महावीर पार्क के सौंदर्यीकरण में हुए भ्रष्टाचार की जांच शुरू

## स्टेट विजिलेंस ब्यूरो की टीम ने कई घंटे तक दोनों जगह जांच की, निर्माण में इस्तेमाल सामग्री के सैंपल लिए

### विधायक निर्मल सिंह ने डीजीपी को लेटर भेजकर कथित घोटाले की जांच का किया था आग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला





**अंबाला।** निर्माण की गुणवत्ता जांचने के लिए सैंपल लेती जांच टीम। *फोटो हरिभूमि*

स्टेट विजिलेंस ब्यूरो ने अंबाला शहर स्थित ऐतिहासिक भगवान नौरंग राय तालाब व श्री महावीर पार्क के निर्माण एवं सौंदर्यकरण में हुए कथित भ्रष्टाचार की जांच शुरू कर दी है। जांच टीम ने दोनों जगह चल रहे निर्माण कार्यों को जांचा। सैंपल लेने के बाद जांच टीम दोपहर को वापिस लौट गई। दोनों योजनाएं सालों से अधर में लटकी पड़ी हैं। इसके बावजूद निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया। हालांकि इनके बजट को कई बार रिवाईज किया जा चुका है। बता दें कि कांग्रेस विधायक निर्मल सिंह ने इन परियोजनाओं में गंभीर वित्तीय अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए स्टेट विजिलेंस ब्यूरो के तत्कालीन महानिदेशक को लेटर भेजकर जांच करवाने का आग्रह किया था। पूर्व मंत्री निर्मल सिंह का आरोप है कि नौरंग राय तालाब व महावीर पार्क में हुए निर्माण कार्यों में बड़े स्तर पर घोटाले हुए हैं। जनता के खून पसीने की कमाई ठेकेदार डकार गए हैं।

- दस सालों से दोनों जगह चल रहा है निर्माण कार्य, अभी तक योजनाओं का काम नहीं हो पाया पूरा, हर साल रिवाइज हो जाता है बजट

विधायक निर्मल सिंह ने पत्र में बताया कि पिछले 10 वर्षों से इन दोनों स्थलों के नाम पर सरकारी खजाने से लाखों रुपए खर्च किए गए हैं। लेकिन निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बेहद खराब है। उन्होंने घटिया सामग्री के उपयोग, निर्माण मापदंडों की अनदेखी और सरकारी धन के खुले दुरुपयोग का आरोप लगाया था। सिंह का कहना था कि कि कुछ अधिकारियों, राजनेताओं और ठेकेदारों ने मिलकर इन परियोजनाओं को लूट का अड्डा बना लिया है। इस घोटाले को जनता और उनकी धार्मिक आस्था के साथ विश्वासघात करार देते हुए कहा कि यह आम नागरिकों के हक और उनकी पवित्र भावनाओं पर डाका डालने की सुनियोजित साजिश है। जांच टीम ने दोनों स्थलों पर काफी बारीकी से कई बिंदुओं पर जांच की है। इस दौरान कांग्रेस नेता विनोद धीमान भी टीम के साथ ही मौजूद रहे। सरोवर में पड़ी गंदगी पर भी टीम की नजर गई। हालांकि अभी तक किसी अधिकारी ने इस मामले में कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। जल्द ही ये टीम अपनी जांच रिपोर्ट खोलेगी। विधायक निर्मल सिंह ने राज्य सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि यह शर्मनाक है कि जिस सरकार को जनता और उनकी धार्मिक आस्था के हितों की रक्षा करनी चाहिए। वह इस भ्रष्टाचार को मूकदर्शक बनकर देख रही है। जनता का पैसा जनता का हक है। हम इसे लुटने नहीं देंगे। उन्होंने डीजीपी विजिलेंस से कथित भ्रष्टाचार की परतें सिलसिलेवार खोलने का आग्रह किया ताकि जनता को उन नेताओं का सच पता चल सके जोकि खुद को पाक साफ बता रहे हैं। उन्होंने दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए कहा, चाहे वह अधिकारी हों राजनेता हो या ठेकेदार, कोई भी बख्शा नहीं जाना चाहिए। जनता का पैसा और पवित्र सरोवर की गरिमा लूटने वालों को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। निर्मल सिंह ने कहा कि उन्हें जांच टीम की निष्पक्षता और ईमानदारी पर पूरा भरोसा है। वह इस मामले में निष्पक्ष और तेजी से कार्रवाई करेगी। यह जांच केवल भ्रष्टाचार का पर्दाफाश करने के लिए नहीं बल्कि जनता के विश्वास और उनकी धार्मिक आस्था को बहाल करने के लिए भी जरूरी है।

अंबाला शहर विधायक निर्मल सिंह ने मेयर से भी झीलों और पार्कों में हो रहे पुनर्निर्माण कार्य को रुकवाने की मांग की थी। उनका कहना है कि अगर शिकायत के बाद इनमें काम करवाया जाए तो अनियमितताओं पर पर्दा डाला जा सकता है। विधायक ने मेयर शैलजा सचदेवा को पत्र लिखकर मांग की थी कि जब तक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो भगवान नौरंग राय पवित्र सरोवर और श्री महावीर पार्क की जांच पूरी नहीं कर लेता, तब तक इसके निर्माण के लिए दोबारा पास की गई 4.50 करोड़ रुपए की राशि रोकी जाए, ताकि जांच प्रभावित न हो।

# अंबाला से मुलाना तक महिलाओं का सफर होगा आसान

- रोडवेज अलग से चलाएगा बस
- परिवहन मंत्री अनिल विज ने शिकायत आने पर अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** लोगों की शिकायतें सुनते मंत्री अनिल विज।

परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मुलाना तक महिलाओं के लिए अलग से बस चलाई जाए ताकि महिलाओं व युवतियों को बस में सुगम सफर करने में आसानी हो। विज ने यह निर्देश परिवहन विभाग के अधिकारियों को अंबाला छावनी के लोगों की समस्याओं को सुनते हुए दिए। इस संबंध में वार्ड नंबर 27 के सदस्य ने विज से मांग की थी। रेलवे रोड के रहने वाले व्यक्ति ने अपनी शिकायत में बताया कि उसका 11 साल का बच्चा 29 जून को उसके घर के बाहर खेल रहा था। उस समय के बाद से उसका बच्चा अचानक से गायब हो गया। इस संबंध पुलिस ने उनकी कोई भी रिपोर्ट अभी तक दर्ज नहीं की है। मंत्री ने मौके पर डीएसपी को निर्देश दिए कि इस बारे में मामला दर्ज करके बच्चे की खोजबीन आरंभ कर दी जाए। बब्याल के विजय नगर के रहने वाले व्यक्ति के खिलाफ शिकायत दी कि 12 दिसंबर 2024 बिजली कनेक्शन बिल का भुगतान न किए जाने पर काट दिया गया था। इसके बावजूद आरोपी लगातार बिजली का उपयोग कर रहे हैं। यह सरेआम बिजली की चोरी है इसलिए इनकी चोरी की बिजली पर रोक लगाकर कार्रवाई की जाए। विज ने संबंधित बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इस मामले में एफआईआर दर्ज करके बिजली चोरी की राशि रिकवर की जाए।

वार्ड नंबर 19 के सदस्य ने अनिल विज के समक्ष गुहार लगाते हुए कहा कि उनके इलाके में पानी की आपूर्ति की समस्या लगातार बढती जा रही है। लोगों को तय समय पर पानी आपूर्ति नहीं हो पा रही है जबकि इस संबंध में संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को अवगत कराया गया है परंतु अभी तक कोई सुनवाई नहीं की गई। इस बारे में विज ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इलाके में जलापूर्ति को सुनिश्चित किया जाए ताकि लोगों को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत न हो। वार्ड नंबर 29 के रहने वाले परिवादी ने बताया कि उसके घर में पिछले दिनों चोरी हो गई थी जिसमें से पुलिस ने अभी तक 30 से 35 प्रतिशत तक की चोरी की बरामदगी कर ली परंतु अन्य सामान अभी तक बरामद नहीं किया गया है। इस पर पुलिस अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इस मामले में गहनता से जांच की जाए और आरोपी के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।

**ये रहे मौजूद**

*इस मौके पर नगर परिषद, ऊर्जा विभाग, पुलिस विभाग, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी, श्रम विभाग, परिवहन विभाग, पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी मौजूद थे।*

# एलएलबी के टॉपर्स हुए सम्मानित

- लाला अमीचंद कॉलेज ऑफ लॉ में आयोजित हुआ सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



**बराड़ा।** सम्मानित छात्र कॉलेज प्रबंधन और स्टाफ के साथ।

लाला अमी चंद कॉलेज ऑफ लॉ में आयोजित एक विशेष समारोह में बीए एलएलबी और एलएलबी पाठ्यक्रमों के सेमेस्टर टॉपर्स को सम्मानित किया गया। कॉलेज प्रबंधन और संकाय सदस्यों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों तथा उनके अभिभावकों को बधाई दी। बीए एलएलबी पाठ्यक्रम में भूमिका, हर्षिता, नंदिनी, सोनम, कार्तिक और आयुषि ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए कॉलेज का नाम रोशन किया। एलएलबी पाठ्यक्रम में ईशा, जसमीत और सिमरन ने अपनी प्रतिभा और मेहनत से उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया। कॉलेज प्राचार्य ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की निरंतर लगन, संकाय सदस्यों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी प्रकार समर्पण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि लाला अमी चंद कॉलेज ऑफ लॉ अपने विविध पाठ्यक्रमों जैसे बीए एलएलबी, एलएलबी, एलएलएम, डी. फार्मेसी, बी. फार्मेसी, बीएड, डीएड, एमएड और आईटीआई के माध्यम से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है। कॉलेज में अनुभवी संकाय, आधुनिक सुविधाएं, शोध व नवाचार पर विशेष ध्यान तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। कॉलेज विद्यार्थियों को उनके सपनों को साकार करने के लिए एक सशक्त मंच प्रदान कर रहा है। इस मौके पर सब स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# फर्जी टिकटें देकर खाते में ट्रांसफर करवाए 42 लाख, पुलिस ने दंपत्ति के खिलाफ किया केस

- आरोपियों ने टिकट बुकिंग व ट्रेवल एजेंसी के नाम पर किया परिवादी के साथ बड़ा फ्रॉड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

विदेश भेजने के नाम पर एक व्यक्ति से 42 लाख रुपये की ठगी हो गई। आरोप है कि मोहाली के एक पति-पत्नी ने टिकट बुकिंग व ट्रेवल एजेंसी के बहाने पहले दोस्ती की। फिर भरोसा जीतकर भारी रकम हड़प ली। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। अम्बाला कैंट के रानीबाग के दीपक सिंगला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी फेसबुक पर गत 12 अप्रैल को दीपक राज नामक व्यक्ति से बातचीत हुई थी। उसने खुद को और पत्नी सरु को ट्रेवल एजेंट बताया था। दोनों ने अपना पता मोहाली स्थित एरो सिटी में बताया था। कहा था कि वे कम दर पर विदेश भेजने का काम करते हैं।दीपक सिंगला के अनुसार आरोपी ने कनाडा के लिए पांच टिकटों की बुकिंग के नाम पर पहले 50,000 और फिर अगले दिन बराड़ा स्थित उनके कार्यालय में आकर 5 लाख नकद ले लिए। उसी शाम व्हाट्सएप पर टिकट भी भेज दी गई। इससे पीड़ित को भरोसा हो गया।इसके बाद दीपक राज और सरु ने पीड़ित से सांझेदारी में ट्रेवल फर्म टिकट वर्ल्ड के नाम से कार्यालय खोलने की बात कही। नई बनाई गई फर्म का खाता न खुल पाने की स्थिति में आरोपियों ने पीड़ित से अपना निजी बैंक खाता इस्तेमाल करने की अनुमति ली। कई अन्य लोगों से भी विदेश भेजने के नाम पर पैसे मंगवाए। इनमें से एक मामला बरनाला के एसके गर्ग का है। उसने टोरंटो के लिए टिकट बुक करवाई थी। टिकट भेज दी गई थी लेकिन यात्रा की तारीख पर आरोपियों ने कहा कि टिकटें फर्जी हैं। 3 लाख और मांगे।जब दीपक सिंगला को शक हुआ तो उसने पहले भेजी गई सभी टिकटों की जांच करवाई जो फर्जी पाई गई।

# बराड़ा की कॉलोनियों में जलसंकट, लोगों का फूटा गुस्सा

- प्रेम नगर, रेलवे कॉलोनी व गुरुनानक एंक्लेव में जलभराव से जनजीवन अस्त-व्यस्त
- नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन, लोगों ने लगाए नारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



नगरपालिका बराड़ा की तीन प्रमुख कॉलोनियों प्रेम नगर कॉलोनी, रेलवे कॉलोनी और गुरुनानक एंक्लेव में जलभराव की गंभीर समस्या को लेकर वीरवार को स्थानीय निवासियों का गुस्सा फूट पड़ा। गली-मोहल्लों में घुटनों तक भरे पानी से त्रस्त लोगों ने नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन कर नारेबाजी की।प्रदर्शनकारियों में कमल बराड़ा, अजय कुमार, सोनू, विशाल, उमा देवी, पूजा रानी, राजरानी, कांता देवी, नीलम, आरती, रीना, रजनी, सरोज और रामकली सहित अन्य लोग शामिल थे। इन लोगों ने बताया कि रेलवे ओवरब्रिज के नीचे नामचर्चा घर के पास से जो सड़क इन कॉलोनियों तक आती है, वहां से बराड़ा शहर का बारिश का पानी शनिमंदिर होते हुए सीधे उनकी कॉलोनियों में घुस जाता है।स्थानीय निवासी कमल बराड़ा ने बताया कि जलभराव के चलते न केवल गलियां जलमग्न हैं, बल्कि कई घरों में पानी घुसने से घरेलू सामान भी खराब हो चुका है। उन्होंने चिंता जताई कि जलभराव के कारण जलीय जीवों के फैलने का भी खतरा बना हुआ है।रेलवे कॉलोनी निवासी दिव्यांग संत राम ने बताया कि दोनों टांगें कटने के बाद वे व्हीलचेयर से चलने को मजबूर हैं, लेकिन मुख्य गली में पानी भरे होने से बाहर निकलना भी नामुमकिन हो गया है। व्हीलचेयर पलटने का खतरा हर समय बना रहता है।

**रिश्तेदारों ने आने से किया परहेज**

*उषा देवी, उमा देवी और राजरानी ने बताया कि जलभराव के चलते उनके घरों में रिश्तेदार भी आने से कतराते हैं। दो-दो महीने तक कॉलोनी जलमग्न रहती है, जिससे सामाजिक जीवन भी प्रभावित हो गया है। वार्ड 12 व 14 की यह कॉलोनियां पहले अनाज मंडी की ओर से निकलने वाले रास्ते का इस्त*

## हाथ धोने से बच सकते हैं कई बीमारियों से: प्रदीप शर्मा

**कुरुक्षेत्र।** नगर परिषद थानेसर सफाई निरीक्षक प्रदीप कुमार शर्मा ने कहा कि नगर परिषद थानेसर की सफाई की टीम द्वारा सेक्टर 13 डीएवी स्कूल में सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों को बताया गया कि हाथ धोने से किन-किन बीमारियों से बचा जा सकता है और किस प्रकार से हम स्वस्थ रह सकते हैं। नगर परिषद थानेसर सफाई निरीक्षक प्रदीप कुमार शर्मा ने कहा कि सुबह वॉशरूम यूज करने के बाद बच्चों को अपने हाथ करीब 20 सेकंड तक धोने चाहिए। यदि हम स्वच्छ होंगे तो हमारा आज पड़ोस भी स्वच्छ होगा। उन्होंने कहा कि बड़ों के साथ साथ छोटे बच्चे के हाथ स्वच्छ रखना सबसे ज्यादा जरूरी है,क्योंकि अक्सर छोटे बच्चे इधर-उधर हाथ मारते रहते हैं जिससे कई प्रकार के फंगस और कीटाणु हाथों के जरिए उनके मुंह में चले जाते हैं जोकि बीमारियों का कारण बनते हैं। फील्ड अधिकारी अनूप सिंह ने बच्चों को जानकारी देते हुए कहा कि जब आप अपने पालतू पशु के साथ खेलते हैं या पार्क में जाते हैं या अस्पताल में भर्ती अपने किसी सगे संबंधी से मिलने के लिए जाते हैं तो वहां पर कई प्रकार के कीटाणु होते हैं जो आपके हाथों के माध्यम से पेट के अंदर जाकर आपको बीमार कर सकते हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## 31 तक चलेगा सेवा का अभियान, खन्ना पैलेस से पूर्व मंत्री असीम गोयल करेंगे सेवा का आगाज

# जरुरतमंदों का सहारा बनेगा सतयुग दर्शन ट्रस्ट

- भोजन- वस्त्र के साथ नकद राशि मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** ट्रस्ट की गतिविधियों की जानकारी देते प्रवक्ता सुंदर ढींगरा।

सतयुग दर्शन ट्रस्ट फरीदाबाद जरुरतमंदों का सहारा बनेगा। अंबाला शहर की महाबीर सभा 5 जुलाई को खन्ना पैलेस से इस अभियान की शुरूआत करेगी। ट्रस्ट के प्रवक्ता सुंदर ढींगरा ने बताया कि यह सेवा अभियान न केवल भारत के विभिन्न राज्यों में संचालित किया जा रहा है बल्कि विदेशों में भी ट्रस्ट के समर्पित सदस्यों और सहयोगियों के सहयोग से इसका विस्तार किया जा रहा है। ट्रस्ट से अपने विश्रस्तरीय निश्काम सेवा अभियान का शुभारंभ किया जा रहा है जिसका उदेश्य समाज के बेसहारा, जरुरतमंद और पीडित वर्ग तक भोजन, वस्त्र और अर्थिक सहायता पहुंचाना है। यह सेवा अभियान देश के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ विदेशों में भी ट्रस्ट के समर्पित सदस्यों और सहयोगियों के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत ट्रस्ट ने अपने सभी सदस्यों सहित समाज के समृद्ध लोगों से अपील की है कि व अपनी एक महीने की आय इस नेक कार्य में समर्पित करें। इस आय का उपयोग जुलाई माह के दौरान जरुरतमंदों को गली-गली, मोहल्लों व दूर-दराज के गांवों में ढूंढ-ढूंढ कर भोजन, वस्त्र और सहायता राशि प्रदान करने में किया जाएगा। उन्होंने बताया क सहयोगी जन इस कार्य को आत्मीयता व प्रसन्नता के साथ अंजाम दे रहे हैं जिससे यह सेवा अभियान एक जन-आंदोलन का रुप लेता जा रहा है। प्रवक्ता ने बताया कि यह सेवा अभियान एक जन-आंदोलन का रुप लेता जा रहा है। यह सेवा केवल ट्रस्ट के सदस्यों तक सीमित नही है बल्कि कोई भी इच्छुक व्यक्ति इसमें भाग लेकर मानव सेवा का पुण्य लाभ प्राप्त कर सकता है। वेद-शास्त्रों के अनुसार, व्यक्ति की आय का समाज के पीडित और असहाय जनों की अमानत होती है। ट्रस्ट के सदस्यों ने बताया कि अंबाला शहर में ऐसा कोई भी पात्र बेसहारा परिवार न छुटे इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। साथ ही आसपास के इलाकों में जरुरतमंदों तक मदद पहुंचाने का संकल्प लिया गया है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लाखों लोगों तक यह सेवा पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। इस सेवा में मुख्यअतिथि पूर्व मंत्री असीम गोयल भी शामिल होंगे। ढीगरा ने कहा जो आत्मिक आनंद दूसरों की भलाई के लिए अपने स्वार्थ का त्याग करके प्राप्त होता है वह भौतिक संसाधनों के उपभोग से संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि यह विश्रस्तरीय निश्काम सेवा अभियान 31 जुलाई 2025 तक चलाया जाएगा।